पत्रांक : 152 (ग्रा०)/पं.रा.

**बिहार सरकार**
**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**मनोज कुमार,**
सचिव

सेवा में,

**सभी जिला पंचायत पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक 14/08/2026

**विषय : दिनांक 15 अगस्त, 2026 को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा में नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA) के अंतर्गत उपस्थित जनसमुदाय को Online e-Pledge दिलाने एवं NMBA App पर "नशा मुक्ति मित्र" के रूप में पंजीकरण कराने के संबंध में।**

प्रसंग: सामाजिक सुरक्षा निदेशालय (समाज कल्याण विभाग), बिहार, पटना के पत्रांक–1881 दिनांक 13.08.2026.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि दिनांक 15 अगस्त, 2026 को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान (Nasha Mukt Bharat Abhiyaan) के अंतर्गत व्यापक जन–जागरूकता गतिविधियाँ संचालित किया जाना है।

2. उक्त विशेष ग्राम सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं एवं अन्य उपस्थित नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्ति की शपथ **(NMBA e-Pledge) Online** दिलाने तथा अधिकाधिक लोगों को **NMBA App** डाउनलोड कर **"नशा मुक्ति मित्र"** के रूप में पंजीकृत कराये जाने हेतु निदेश प्राप्त हुआ है।

3. उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में दिनांक 15 अगस्त, 2026 को आयोजित विशेष ग्राम सभा में निम्नलिखित गतिविधियाँ अनिवार्य रूप से कराई जायें :–

(क) विशेष ग्राम सभा में उपस्थित लोगों को नशे के विरूद्ध जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक शपथ दिलाया जाए।

(ख) उपस्थित नागरिकों को अपने मोबाईल फोन के माध्यम से **NMBA App** डाउनलोड करने हेतु प्रेरित किया जाए।

(ग) उपस्थित लोगों से **Online e-Pledge** दिलाना तथा उन्हें नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया जाए।

(घ) आयोजित गतिविधियों की फोटो एवं वीडियो सहित संक्षिप्त प्रतिवेदन तैयार कर जिला स्तर पर संकलित करते हुए **NMBA App** अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए।

उपर्युक्त के आलोक में अनुरोध है कि नशे के विरूद्ध जनभागीदारी को बढ़ाने एवं "नशा मुक्त भारत" के संकल्प को ग्राम स्तर तक पहुँचाने हेतु ऊपर वर्णित गतिविधियों को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई कराना सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

**अनुलग्नक–यथोक्त।**

14/8/26

**(मनोज कुमार)**
सचिव

ज्ञापांक: 152 (गो०) /पं.रा. पटना, दिनांक 14 / 08 / 2026

प्रतिलिपि – सभी जिला पदाधिकारी, बिहार/सभी उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, बिहार से अनुरोध है कि अपने जिला में दिनांक 15.08.2026 को आयोजित विशेष ग्राम सभा में उपर्युक्त वर्णित गतिविधियों का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश देने की कृपा की जाए।

14/8/26

**(मनोज कुमार)**
सचिव

ज्ञापांक: 152 (गो०) /पं.रा. पटना, दिनांक 14 / 08 / 2026

प्रतिलिपि – अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना को उनके पत्रांक--1881 दिनांक 13.08.2026 के आलोक में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

14/8/26

**(मनोज कुमार)**
सचिव

ज्ञापांक: 152 (गो०) /पं.रा. पटना, दिनांक 14 / 08 / 2026

प्रतिलिपि – आई0टी0 प्रबंधक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को निदेशित किया जाता है कि विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए।

14/8/26

**(मनोज कुमार)**
सचिव

सं0-02/सा०सु० NAPDDR(Prog.)05/2026 स.क.-1881

बिहार सरकार

सामाजिक सुरक्षा निदेशालय

(समाज कल्याण विभाग)

प्रेषक,

एच. आर.श्रीनिवास, भा0प्र0से0
अपर मुख्य सचिव
समाज कल्याण विभाग,
बिहार।

सेवा में,

सचिव
पंचायती राज विभाग,
बिहार।

पटना दिनांक- 13.08.2026

**विषयः** **दिनांक** 15 **अगस्त**, 2026 **को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा में नशा मुक्त भारत अभियान** (NMBA) **के अंतर्गत उपस्थित जनसमुदाय को** Online e-Pledge **दिलाने एवं** NMBA App **पर "नशा मुक्ति मित्र" के रूप में पंजीकरण कराने के संबंध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि संयुक्त सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रलाय की अध्यक्षता में दिनांक **13.08.2026** को आयोजित **Video Conference** में प्राप्त निदेश के आलोक में दिनांक **15 अगस्त, 2026** को आयोजित होने वाली **विशेष ग्राम सभा** के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान (**Nasha Mukt Bharat Abhiyaan-NMBA)** के अंतर्गत व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियाँ संचालित किया जाना अपेक्षित है।

उक्त के क्रम में विशेष ग्राम सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं एवं अन्य उपस्थित नागरिकों को **नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्ति की शपथ (NMBA e-Pledge) Online दिलाने** तथा अधिकाधिक लोगों को **NMBA App डाउनलोड कर "नशा मुक्ति मित्र" के रूप में पंजीकृत** कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

अतः अनुरोध है कि अपने स्तर से सभी **जिला पंचायती राज पदाधिकारियों/संबंधित पदाधिकारियों** को आवश्यक निदेश निर्गत करने की कृपा की जाए कि दिनांक **15.08.2026** को आयोजित विशेष ग्राम सभा में निम्नलिखित गतिविधियाँ अनिवार्य रूप से कराई जाएँ–

1. विशेष ग्राम सभा में उपस्थित लोगों को **नशे के विरुद्ध जागरूक** किया जाए तथा नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक शपथ दिलाया जाए।

2. उपस्थित नागरिकों को अपने **मोबाइल फोन के माध्यम से NMBA App डाउनलोड** करने हेतु प्रेरित किया जाए।
3. उपस्थित लोगों से **Online NMBA e-Pledge** दिलाई जाए तथा उन्हें नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया जाए।
4. आयोजित गतिविधियों की **फोटो एवं वीडियो सहित संक्षिप्त प्रतिवेदन** तैयार कर जिला स्तर पर संकलित किया जाए तथा **NMBA App** पर अपलोड कराया जाए।

यह कार्यक्रम नशे के विरुद्ध जनभागीदारी को बढ़ाने तथा **"नशा मुक्त भारत" के संकल्प को ग्राम स्तर तक पहुँचाने** की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी। अतः विशेष ग्राम सभा में इस गतिविधि को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई कराने की कृपा की जाए।

अनुलग्नक :- यथोक्त ।

विश्वासभाजन

13/8/26

अपर मुख्य सचिव,
समाज कल्याण विभाग,
बिहार।

ज्ञापांक - सं0-02/सा०सु० NAPDDR(Prog.) 05/2026 स.क. 1881 पटना, दिनांक- 13.08.2026

प्रतिलिपि:- सभी सहायक निदेशक/प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, बिहार को निर्देश दिया जाता है कि वे अपने-अपने जिले में जिला पदाधिकारी/उप विकास आयुक्त एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर दिनांक **15.08.2026** को आयोजित विशेष ग्राम सभा में **NMBA Portal/App** पर "नशा मुक्ति मित्र" के रूप में Online Registration **एवं e-Pledge** लेना सुनिश्चित करेंगे तथा आवश्यक प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

13/8/26

अपर मुख्य सचिव
समाज कल्याण विभाग,
बिहार।

ज्ञापांक - सं0-02/सा०सु० NAPDDR(Prog.) 05/2026 स.क. 1881 पटना, दिनांक- 13.08.2026

प्रतिलिपि:- सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि अपने जिले में दिनांक **15.08.2026 को आयोजित विशेष ग्राम सभा** में नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA) के अंतर्गत **NMBA App डाउनलोड, "नशा मुक्ति मित्र" के रूप में Online Registration तथा Online e-Pledge** की कार्रवाई सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश देने की कृपा करें।

13/8/26

अपर मुख्य सचिव
समाज कल्याण विभाग,
बिहार।

Annexure I

**NMBA Pledge**

प्रिय साथियों,

युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा एवं शक्ति का प्रतीक होते हैं। समाज तथा देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। अतः नशामुक्त भारत अभियान में हम आज यह शपथ लेते हैं कि न केवल अपने समुदाय, परिवार, मित्रों बल्कि स्वयं को भी नशे से दूर रखूँगा।

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि अपने जिले, अपने राज्य और अपने देश को नशा मुक्त रखने में अपनी क्षमता अनुसार हर संभव प्रयास करूँगा ।

जय हिंद।

**Dear friends,**

The youth represent the energy and strength of any nation. They play a vital role in the development of society and the country. Therefore, as part of the 'Nasha-mukt Bharat Abhiyan' (Drug-Free India Campaign), we pledge today to keep not only our communities, families, and friends but also ourselves free from substance abuse.

I vow to make every possible effort, to the best of my ability, to keep my district, my state, and my country free from drugs.

**Jai Hind.**